रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-10062021-227469
CG-DL-E-10062021-227469

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2024] नई दिल्ली, मंगलवार, जून 8, 2021/ज्येष्ठ 18, 1943
No. 2024] NEW DELHI, TUESDAY, JUNE 8, 2021/JYAISTHA 18, 1943

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 7 जून, 2021

का.आ. 2184(अ).—अधिसूचना का निम्नलिखित प्रारूप, जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है को पर्यावरण (संरक्षण) नियमावली 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, और यह सूचित किया जाता है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना को अंतर्विष्ट करने वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा;

ऐसा कोई व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव देने का इच्छुक है, वह विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए अपनी आपत्ति या सुझाव सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 को लिखित रूप में या ई-मेल esz-mef@nic.in पर भेज सकता है।

प्रारूप अधिसूचना

दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान, थजवास (बालटाल) वन्यजीव अभयारण्य एवं ओवेरा-अरू वन्यजीव अभयारण्य 769 वर्ग किलोमीटर के कुल क्षेत्रफल में फैला हुआ है और केंद्र शासित क्षेत्र जम्मू और कश्मीर के कश्मीर प्रांत में श्रीनगर, गंडेरबल और अनंतनाग जिलों में स्थित हैं।

और, दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान जो 141.00 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल से युक्त है अधिसूचना सं.एस.आर.ओ: 134 तारीख 10 अप्रैल, 1990 द्वारा राष्ट्रीय उद्यान के रूप में अधिसूचित किया गया, ओवेरा अरू वन्यजीव अभयारण्य जो 425 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल से युक्त है, एस.आर.ओ:154 तारीख 19 मार्च, 1987 द्वारा वन्यजीव अभयारण्य के रूप में अधिसूचित किया गया एवं थजवास (बालटाल) वन्यजीव अभयारण्य जो 203 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल से युक्त है, एस.आर.ओ: 158 तारीख 19 मार्च, 1987 द्वारा वन्यजीव अभयारण्य के रूप में अधिसूचित किया गया।

और, दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान श्रीनगर शहर से उत्तर-पूर्व में 21 किलोमीटर की दूरी में स्थित है। उद्यान औसत समुद्र तल से ऊपर 1600 मीटर से 4250 मीटर की ऊंचाई के बीच ग्रेट जानस्कर पर्वत श्रेणी में स्थित है और केंद्रीय हिमालयन धुरी के उत्तर पश्चिम उपखंड बनाता है। दाचीगाम हंगुल (कश्मीर लाल हिरण) के अंतिम जीवनक्षम और स्थानिक जनसंख्या के वास के लिए प्रसिद्ध है जो दक्षिण-पूर्व एशिया में बचा हुआ एकमात्र वास स्थल है। इस उद्यान का ऐसा गौरव है कि इसे देश में सर्वोत्तम प्रबंधित राष्ट्रीय उद्यान होने का पुरस्कार प्रदान किया जा सकता है।

और, थजवास (बालटाल) वन्यजीव अभयारण्य श्रीनगर से उत्तर-पूर्व में 21 किलोमीटर की दूरी में स्थित है। अभयारण्य 34°37′ उ अक्षांश और 74°29’ से 74°36’ पू देशांतर के बीच स्थित है और समुद्र तल से ऊपर 3015 मीटर से 5466 मीटर की तुंगीय श्रेणी कवर करता है। इसमें सिंध वन संभाग के वन कम्पार्टमेंट सं.56/एस से 62/एस तक शामिल हैं। कश्मीर कस्तूरी मृग (मोस्यूस कूपरेयूस) और हिमालयन ब्राऊन भालू (अरसस अर्कटोस) इस क्षेत्र के आकर्षक मुख्य जीवजंतु है। अभयारण्य अन्य महत्त्वपूर्ण वन्यजीव क्षेत्रों जैसे अरू, ऊपरी दाचीगाम और सिंध वन के साथ जुड़ा हुआ है। वन्यजीव अभयारण्य ‘सोनमार्ग’ की बड़ी-बड़ी बर्फीली चोटियों और सिंध नदी से घिरा हुआ है, जो कि इसकी ट्राउट और महसीर जनसंख्या के लिए प्रसिद्ध है। थजवास ग्लेशियर पर्यटकों के लिए आकर्षण केंद्रों में से एक है, जिसमें पर्यटक ग्रीष्म ऋतु में पर्यटन आते हैं।

और, ओवेरा-अरू वन्यजीव अभयारण्य श्रीनगर के दक्षिण-पूर्व से 76 किलोमीटर की दूरी में स्थित है। यह 33°55'0"उ से 34°20'0" उ अक्षांश और 75°5'0" पू से 75°32'30" पू देशांतर के बीच स्थित है और कश्मीर घाटी के अनंतनाग जिला के अंतर्गत आता है। ओवेरा-अरू अभयारण्य के वन अनेक झीलों और ग्लेशियरों से समृद्ध है, जो कि जल का बहुमूल्य स्रोत है, यह जल कई धाराओं को पुष्ट करता है जो धाराएं परिधि के निकट स्थित ग्रामों के नीचे की ओर बहती है।

और, दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान रॉजर्स ईटी एल., 2002 द्वारा सूचित जैव-भौगोलिक वर्गीकरण के 2ए प्रांत के अंतर्गत आता है। परिशोधित चैम्पियन और सेठ (1968) के अनुसार दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान की वनस्पति विशिष्ट रूप से हिमालयन आर्द्र समशीतोष्ण वन, उप-अल्पाइन वन और अल्पाइन वन प्रकार है और आर्द्र समशीतोष्ण पर्णपाती वन, पर्रोटिया (पोहू) झाड़ी वन, पश्चिम हिमालयन निचला स्तर ब्लू पाइन वन, पश्चिमी मिश्रित शंकुधारी वन, पर्णपाती अल्पाइन झाड़ी, पश्चिम हिमालयन उप-अल्पाइन ब्रीच-रहोडोडेनड्रोन वन, ड्वॉर्फ जूनीपर झाड़ी, शुष्क समशीतोष्ण झाड़ी वर्गीकृत किए जा सकते हैं।

और, दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान के कुछ विशिष्ट वनस्पति और जीवजंतु है जिसमें *उल्मस वाल्लिचिअना, सैलिक्स अल्बा, पोपुलुस स्पा., प्रूनस आर्मेनिया, क्यूरकस रोबर, रोबिना प्सेउडोअकेशिया, पेर्रोटीओपसिस जेकाइमोंटिअना, रोसा वेब्बिअना, रूबस निवेउस, ऐस्कुलुस इंडिका, जगलांस रेगिया, पाइनस ग्रिफ्फिथी*, एंगारडा (*लयचनिस्कोर्नारिया* (एल.) डीसर)., बाजारदांतु (*पोटेंटिल्ला अट्रोसांगुइंनालोड्ड.), तरूम्बादु* (*पिक्रिशियरकीओइड्स), घुड़खुरा* (*तुस्सिलागो फार्फेरा),*

डोडड (कोडोनोप्सिस ओवेटे), रत्नजोत (ओनोसमाहिस्पिडम वल्लीचेक्स), कश्मीर रेड हिरन (केरवुस हंग्लुहांगलु.), कश्मीर कस्तूरी हिरन (*मोस्चुस कुपरेउस*), सामान्य तेंदुआ (*पेन्थेरा प्रड्यूस*), हिमालयन ब्राउन भालू (*उरसुस अरक्टोस इसाबेल्लिनुस*), एशियाई ब्लैक भालू (*उरसुस थिअटानुस*), कश्मीर ग्रे लंगूर (*सेम्नोपिथेकस अजाक्स*), हिमालयन ग्रिफ्फोन गिद्ध (*जिप्स हिमालयेंसिस*), बिग्रडिड गिद्ध (*गयपेटस बारबेटस*), कश्मीर फ्लाईकैचर *(फिकेडुला सुबरूबरा),* आदि शामिल है।

और, थजवास (बालटाल) वन्यजीव अभयारण्य का क्षेत्र सालभर, अधिकतर मोटी बर्फ से कवर रहता है। वृक्ष प्रजातियां जैसे एबिइस पिंड्रो, *बेतुला उलटिलिस, जगलांस रेगिया और पिकेया स्पा.* वृक्ष वनस्पति को संघटित करता है। क्षेत्र *इंडीगोफेरा हेतरांथ, बेरबेरिइस लयकिकम, और रोसा वेब्बिअना जैसी मुख्य झाड़ियों से घिरा हुआ है।* क्षेत्र की महत्त्वपूर्ण जीवजंतु प्रजातियां ग्रे लंगूर (*प्रस्बटीस इंटेल्लुस)*, रहेसुस मकाक (*मकाका मुलाट्टा)*, सामान्य तेंदुआ (*पेन्थेरा प्रड्यूस*), स्नो तेदुआ *(पेन्थेरा यूनिका)*, तेंदुआ बिल्ली *(फेलिस बेन्गालेंसिस)*, सियार (*कैनिस ऑरियस*), रेड लोमड़ी (*वुल्पेस वुल्पेस)*, हिमालयन ब्राउन भालू (*उरसूस अरक्टोस)*, एशियाटिक ब्लैक भालू (*उरसूस थिबेटानुस)*, येल्लो थ्रोटेड मार्टीन (*मारटीस फ्लाविगुला)*, लॉग-टेल्ड मर्मोट (*मन्नोटा बोबक*), रोलेस पिका (*ओचोटोना रोयलेइ)*, एशियाई इबेक्स (*कपरा सिबरीका)*, कश्मीर मुस्क हिरन *(मोस्चुस कुपरेउस) आदि हैं।*

और, ऊंचाई, आकृति और मृदा में भिन्नता के कारण, ओवेरा-अरू वन्यजीव अभयारण्य में प्रत्यक्ष वनस्पति की विविधता है। अभयारण्य की वनस्पति मुख्यत: नालों के निकट निचला ऊंचे स्थान में कैल (पाइनस *ग्रिफ्फिथी*) के साथ फर (एबीस् पीड्राव) है। भौतिक विविधताओं पर वन प्रकार तटीय वनस्पति (औसत समुद्र तल से ऊपर 1600-2300 मीटर), शंकुधारी वन: (औसत समुद्र तल से ऊपर 2300-3000 मीटर), अल्पाइन झाड़ी और चरागाह (औसत समुद्र तल से ऊपर 3000-3500 मीटर के परे), रॉक फेस: (औसत समुद्र तल से ऊपर 3500 मीटर के परे) पाए जाते हैं। ओवेरा-अरू वन ग्रेट औषधीय मूल्य की कई पौधे की प्रजातियों के साथ समृद्ध है। क्षेत्र में उगने वाले वन में कुछ औषधीय पौधें हैं जिसमें अकोनितम हेटेरोफयल्लुम, *अरनेबिया बेंथामि, अरटेमिसिया अबसिंथियम, बेरबेरिस* लीसियम, *बेरगेनिया लिंगुलाटा, डातुरा स्तरामोनियम, डोओस्कोर अडेलटोआईडिया, लवातेरा कासमेरिअना, सौस्सुरेया कोस्तुस और ताक्यस वाल्लिचिना* शामिल हैं।

और, ओवेरा-अरू वन्यजीव अभयारण्य रॉजर्स और पनवार (1998) **के द्वारा किए गए जैव-भौगोलिक सीमांकन के अनुसार हिमालयन जोन के उत्तर-पश्चिम प्रांत (प्रांत 2ए) के अंतर्गत आता है। इस प्रांत में संपूर्ण कश्मीर घाटी सम्मिलित है, समशीतोष्ण और उप-उष्णकटिबंधीय जलवायु** कश्मीरी स्टैग एवं **हंगुल** (*केरवुस हंगलु हंगलु)*, कश्मीर मस्क हिरन (*मोस्चुस कुपरेउस)*, हिमालयन ब्लैक भालू *(उरसूस थिबेटानुस)*, हिमालयन ब्राउन भालू (*उरसुस अरक्टोस*), सामान्य तेंदुआ (*पेन्थेरा प्रड्यूस*), हिमालयन ग्रे लंगूर (*प्रेस्बटीस अजाक्स)*, रीसस मकाक (*मकाका मुलाट्टा)*, रेड लोमड़ी (*वुल्पेस वुल्पेस)*, ब्राउन मुस्क श्रेव (*करोकिडुरा मुरीना)*, येल्लो थ्रोटेड मार्टीन (*मारटेस फ्लाविगुला)*, लॉग-टेल्ड मर्मोट *(मारमोट हिमालियना)*, कश्मीर वेमपॉयर(*मेरगाडेर्मा स्पेकटरूम)*, लेइसलेर हेयरी–अरमेड बेट *(निकतालुस लेस्सलेरी)*, कश्मीर हाउस रेट (*रट्टुस रट्टुस)*, बिरच माउस (*सिक्इस्टा इंडिका)*, कश्मीर फ्लाई गिलहरी (*इओगलाउकोमयस फिम्बरिअतुस)*, सेरोव (*कापरिकोरनिस सुमात्रेनिस)*, रोयले पिका (*ओचोटोना रोयेली)*, *हिमालयन ग्रिफ्फोन गिद्ध* (*जिप्स हिमालयेंसिस*), बियरडिड गिद्ध (*गयपैतुस बारबेतुस*), कश्मीर फ्लाईकैचर (*फिकेडुला सुबरूबरा*) आदि द्वारा विशिष्ट है।

और, दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान, ओवेरा-अरू वन्यजीव अभयारण्य और थजवास वन्यजीव (बालटाल) अभयारण्य की प्राकृतिक सीमाएं भू-दृश्य स्तर में जुड़ती है। दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान की सीमा उत्तर और उत्तर-पूर्वी भाग पर ओवेरा-अरू वन्यजीव अभयारण्य के साथ मिलती है जबकि ओवेरा-अरू वन्यजीव अभयारण्य की सीमा उत्तर और उत्तर-पूर्वी भाग पर थजवास वन्यजीव अभयारण्य के साथ मिलती है। संरक्षित क्षेत्र समृद्ध जैव-विविधता और पशुओं, पक्षियों और वनस्पति की

कुछ महत्त्वपूर्ण/ स्थानिक प्रजातियों की अच्छी जनसंख्या का भू-दृश्य बनाता है। प्रस्तावित पारिस्थितिकी संवेदी जोन इन क्षेत्रों को एक इकाई बनाता है और इन क्षेत्रों में जैव- विविधता को पनपने के लिए जीन धारा प्रवाह करने में उपयोगी है।

और, दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान, थजवास (बालटाल) वन्यजीव अभयारण्य और ओवेरा-अरू वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैराग्राफ 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पारिस्थितिकी, पर्यावरणीय और जैव-विविधता की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों की श्रेणियों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियमावली, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इस अधिसूचना में इसके पश्चात् पर्यावरण अधिनियम कहा गया है) की उपधारा (1) तथा धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) एवं उपधारा (3) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान, थजवास (बालटाल) वन्यजीव अभयारण्य और ओवेरा-अरू वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 0 (शून्य) से 9.90 किलोमीटर तक विस्तारित, क्षेत्र को दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान, थजवास (बालटाल) वन्यजीव अभयारण्य और ओवेरा-अरू वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :-

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमा.**-(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार 137.75 वर्ग किलोमीटर के साथ दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान, थजवास (बालटाल) वन्यजीव अभयारण्य और ओवेरा-अरू वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 0 (शून्य) से 9.90 किलोमीटर तक विस्तृत है जैसा कि *पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा पहलगाम और तूनवान कैम्प के महत्त्वपूर्ण पर्यटन गंतब्य स्थान, प्रसिद्ध वार्षिक तीर्थयात्रा अमरनाथ यात्रा के बेस कैम्प के साथ होते हुए जाती है, पारिस्थितिकी संवेदी जोन का शून्य विस्तार ओवेरा-अरू वन्यजीव अभयारण्य के दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम भाग की ओर है। इसके अतिरिक्त, पहलगाम क्षेत्र पर्यटन बुनियादी विकास के लिए उच्च आवश्यकता के अंतर्गत है और पहलगांव विकास प्राधिकरण के लिए स्थानीय क्षेत्र के रूप में विकास अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित है। क्षेत्र बड़ी जनसंख्या का वासस्थल है और इसमें बुनियादी संरचना भी है।*

विभिन्न दिशाओं (किलोमीटर) में पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार नीचे दिया गया है:-

दिशा	**विस्तार (किलोमीटर में)**	**अवस्थान**
उत्तर	0.25	सिंध नाला
उत्तर पूर्व	1	बालटाल
पूर्व	1	शेषनाग
दक्षिण पूर्व	1	बरारीपत्थर
दक्षिण	0	ओवेरा
दक्षिण पश्चिम	9.9	वाहाबखर
पश्चिम	7.5	करन महल
उत्तर पश्चिम	1	सोममस
ए	1	ए) बथयन
बी	1.5	बी) नगंदर
सी	3.3	सी) जानातरग
डी	4.95	डी) पखीरिन

(2) दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान, थजवास (बालटाल) वन्यजीव अभयारण्य और ओवेरा-अरू वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **अनुलग्नक-I** के रूप में संलग्न है।

(3) सीमा विवरण और अक्षांशों और देशांतरों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन को सीमांकित करते हुए दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान, थजवास (बालटाल) वन्यजीव अभयारण्य और ओवेरा-अरू वन्यजीव अभयारण्य के मानचित्र **अनुलग्नक–IIक, अनुलग्नक–IIख, अनुलग्नक –IIग और अनुलग्नक–IIघ** के रूप में संलग्न है।

(4) दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान, थजवास (बालटाल) वन्यजीव अभयारण्य और ओवेरा-अरू वन्यजीव अभयारण्य और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के भू- निर्देशांकों की सूची **अनुलग्नक-III** की सारणी **क** और सारणी **ख** में दी गई है।

(5) मुख्य बिंदुओं पर भू-निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **अनुलग्नक– IV** के रूप में संलग्न है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.–(1) केंद्र शासित प्रदेश सरकार, द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए, राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए, केंद्र शासित प्रदेश सरकार के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनार्थ एक आंचलिक महायोजना बनाई जायेगी।

(2) केंद्र शासित प्रदेश सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रीति से तथा प्रासंगिक केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरूप तथा केंद्र शासित प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों, यदि कोई हों, के अनुसार बनायी जाएगी।

(3) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरण संबंधी सरोकारों को शामिल करने के लिए इसे केंद्र शासित प्रदेश सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से बनाया जाएगा, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन;

(iii) कृषि;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड;

(x) नगरपालिका;

(xi) पंचायती राज; और

(xii) लोक निर्माण विभाग।

(4) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, आंचलिक महायोजना में वर्तमान में अनुमोदित भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हे अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने की व्यवस्था की जाएगी।

(5) आंचलिक महायोजना में वनरहित और अवक्रमित क्षेत्रों के सुधार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, जलग्रहण क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय जनता की

आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं की व्यवस्था की जाएगी जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों एवं शहरी बस्तियों, वनों की श्रेणियों एवं किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, उद्यानों एवं उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों की सीमा का सहायक मानचित्र के साथ निर्धारण किया जाएगा और मौजूदा और प्रस्तावित भू-उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा भी दिया जाएगा।

(7) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में होने वाले विकास का विनियमन किया जाएगा और सारणी में यथासूचीबद्ध पैराग्राफ 4 में प्रतिषिद्ध एवं विनियमित क्रियाकलापों का पालन किया जाएगा। इसमें स्थानीय जनता की आजीविका की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी-अनुकूल विकास का भी सुनिश्चय एवं संवर्धन किया जाएगा।

(8) आंचलिक महायोजना, क्षेत्रीय विकास योजना की सह-कालिक होगी ।

(9) अनुमोदित आंचलिक महायोजना, निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी ताकि वह इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके ।

3. **केंद्र शासित प्रदेश सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** केंद्र शासित प्रदेश सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के लिए चिन्हित उद्यानों और खुले स्थानों का वृहद वाणिज्यिक या आवासीय परिसरों या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए प्रयोग या संपरिवर्तन अनुमत नहीं किया जाएगा:

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर ऊपर भाग (क), में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, निगरानी समिति की सिफारिश पर और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा यथा लागू केन्द्रीय सरकार एवं केंद्र शासित प्रदेश सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से तथा इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुमत किया जाएगा जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ़ करना और नई सड़कों का निर्माण करना;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योग एवं ग्राम उद्योग; पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक सुविधा भण्डार और स्थानीय सुविधाएं तथा गृह वास; और

(v) पैराग्राफ-4 में उल्लिखित बढ़ावा दिए गए क्रियाकलापः

परंतु यह भी कि क्षेत्रीय शहरी नियोजन अधिनियम के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना तथा केंद्र शासित प्रदेश सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों एवं संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, का अनुपालन किए बिना वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का प्रयोग अनुमत नहीं होगा:

परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाली भूमि के अभिलेखों में हुई किसी त्रुटि को, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, केंद्र शासित प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जाएगा और उक्त त्रुटि को सुधारने की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि को सुधारने में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन शामिल नहीं होगा।

(ख) अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में वनीकरण तथा पर्यावासों की बहाली के कार्यकलापों से पुन: वनीकरण के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत.-** सभी प्राकृतिक जलमार्गों के जलग्रहण क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और आंचलिक महायोजना में उनके संरक्षण और बहाली की योजना सम्मिलित की जाएगी और केंद्र शासित प्रदेश सरकार द्वारा दिशा-निर्देश इस रीति से तैयार किए जाएंगे कि उसमें ऐसे क्षेत्रों में या उसके पास विकास क्रियाकलापों को प्रतिषिद्ध और निर्बंधित किया गया हो।

(3) **पर्यटन एवं पारिस्थितिकी पर्यटन.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी संवेदी जोन संबंधी पर्यटन महायोजना के अनुसार अनुमत होगा।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना केंद्र शासित प्रदेश सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से पर्यटन केंद्र शासित प्रदेश विभाग द्वारा बनायी जाएगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना का घटक होगी।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के आधार पर तैयार की जायेगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे, अर्थात्:-

(i) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी होटल या रिजॉर्ट का नया सन्निर्माण अनुमत नहीं किया जाएगाः

परंतु यह पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक पूर्व परिभाषित और अभीहित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार, नए होटलों और रिजॉर्ट की स्थापना अनुमत होगी;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी दिशानिर्देशों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन होने तक, पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल-विशिष्ट संवीक्षा तथा निगरानी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुमत किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए होटल/ रिजॉर्ट या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का निर्माण अनुमत नहीं होगा ।

(4) **प्राकृतिक विरासत.–** पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन पूल रिजर्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति-क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.-** पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण किया जाएगा ।

(7) **वायु प्रदूषण.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सरण, पर्यावरण अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सरण के लिए साधारण मानकों या केंद्र शासित प्रदेश सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), दिनांक 8 अप्रैल, 2016 के तहत प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा; अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन अनुमत किया जायेगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट.-** जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय–समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन अनुमत किया जायेगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधो के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित तथा समय-समय पर यथा संशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **सड़क-यातायात.-** सड़क-यातायात को पर्यावास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध शामिल किए जाएंगे। आंचलिक महायोजना के तैयार होने और केंद्र शासित प्रदेश

सरकार के सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति प्रासंगिक अधिनियमों और उनके तहत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुसार सड़क-यातायात के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(15) **वाहन जनित प्रदूषण.-** वाहन जनित प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा और स्वच्छतर ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-** (क) सरकारी राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख को या उसके बाद पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए प्रदूषणकारी उद्योग की स्थापना की अनुमति नहीं होगी।

(ख) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी समय-समय पर यथा संशोधित मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर- प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी;

(ख) जिन ढलानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण अधिनियम और उसके अधीन बने नियमों के उपबंधों जिसमें तटीय विनियमन जोन, 2011 एवं पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 शामिल है सहित वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) तथा उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात्:-

सारणी

क्र. सं.	क्रियाकलाप	टिप्पणी
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां।	(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होंगी; (ख) खनन प्रचालन, 1995 की रिट याचिका (सिविल) सं. 202 में टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश 4 अगस्त, 2006 और 2012 की रिट याचिका (सिविल) सं. 435 में गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में होगा ।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि,	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान

	आदि) उत्पन्न करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुमति नहीं होगीः परन्तु यह कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी समय-समय पर यथा संशोधित मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न हों, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्यागों को बढ़ावा दिया जाएगा।
3.	बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना ।	प्रतिषिद्ध।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण ।	प्रतिषिद्ध।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सरण ।	प्रतिषिद्ध।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुमत नहीं होगा ।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	प्रतिषिद्ध।
8.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग ।	प्रतिषिद्ध।
9.	पोलिथीन बैगों का प्रयोग ।	प्रतिषिद्ध।
10.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु, गुब्बारें आदि द्वारा राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	प्रतिषिद्ध।
ख. विनियमित क्रियाकलाप		
11.	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, नए वाणिज्यिक होटलों और रिर्सोटो की स्थापना अनुमत नहीं होगी: परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, पर्यटन महायोजना और लागू दिशानिर्देशों के अनुसार सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार करने की अनुज्ञा होगी ।
12.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुमत नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैराग्राफ 3 के उप पैराग्राफ (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी। परन्तु ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और

		विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे । (ख) एक किलोमीटर से आगे आंचलिक महायोजना की अनुसार विनियमित होंगे ।
13.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी, समय-समय पर यथा संशोधित उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, बागवानी या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
14.	वृक्षों की कटाई ।	(क) केन्द्र शासित सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन भूमि या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई केंद्रीय या संबंधित केन्द्र शासित प्रदेश के अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।
15.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
16.	विद्युत और संचार टॉवर लगाने, तार-बिछाने तथा अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा (भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जाएगा)।
17.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचा।	लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध दिशानिर्देशों के अनुसार न्यूनीकरण उपाय किए जाएंगे।
18.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण।	लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध दिशानिर्देशों के अनुसार न्यूनीकरण उपाय किए जाएंगे।
19.	पहाड़ी ढलानों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
20.	रात्रि में वाहन यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होगा ।
21.	स्थानीय जनता द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी पद्धतियों के साथ डेयरियां, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय जनता के प्रयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुमत होंगे।
22.	प्राकृतिक जल निकायों या भू क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिस्राव का निस्सरण ।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिस्राव के निस्सरण से बचा जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल/बहिस्राव का निस्सरण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
23.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक प्रयोग एवं निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
24.	फर्मों, कारपोरेट और कंपनियों द्वारा	स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के अलावा लागू विधियों के

	बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना।	अधीन विनियमित (अन्यथा उपबंध को छोड़कर) होंगे।
25.	कृषि और अन्य उपयोग के लिए खुले कुंआ, बोर कुंआ, आदि।	विनियमित एवं सम्बद्ध प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से निगरानी की जाएगी।
26.	ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
27.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
28.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
29.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग का प्रयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
30.	प्रवासी चरवाहा।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
31.	नए होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड लगाना।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा।
ग. संवर्धित क्रियाकलाप		
32.	वर्षा जल संचय।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
33.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
34.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
35.	ग्रामीण कारीगरी सहित कुटीर उद्योग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
36.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय बढ़ावा दिया जाएगा।
37.	कृषि वानिकी।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
38.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
39.	पारिस्थितिकी अनुकूल यातायात का प्रयोग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
40.	कौशल विकास।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
41.	अवक्रमित भूमि/वनों/ पर्यावासों की बहाली।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
42.	पर्यावरण के प्रति जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

5. पारिस्थितिकी-संवेदी जोन अधिसूचना की निगरानी के लिए निगरानी समिति.- पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) के तहत इस अधिसूचना के उपबंधों की प्रभावी निगरानी के लिए केन्द्रीय सरकार एतद्वारा एक निगरानी समिति का गठन करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात्:

क्र.सं.	**निगरानी समिति का गठन**	**पद**
1.	संभागीय आयुक्त, कश्मीर	अध्यक्ष;
2.	जम्मू और कश्मीर सरकार द्वारा नामित किए जाने वाले पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ	सदस्य;
3.	जम्म-कश्मीर सरकार द्वारा नामित पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन का एक प्रतिनिधि	सदस्य;
4.	जम्मू और कश्मीर जैव विविधता परिषद का एक प्रतिनिधि	सदस्य;
5.	उपायुक्त, श्रीनगर	सदस्य;

6.	उपायुक्त, गंदरबल	सदस्य;
7.	उपायुक्त,अंनतनाग	सदस्य;
8.	उपायुक्त, पुलवामा	सदस्य;
9.	उपायुक्त, श्रीनगर	सदस्य;
10.	निर्देशक पर्यटन, कश्मीर	सदस्य;
11.	उपाध्यक्ष, श्रीनगर विकास प्राधिकरण	सदस्य;
12.	क्षेत्रीय निर्देशक, जम्मू-कश्मीर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, श्रीनगर	सदस्य;
13.	वरिष्ठ नगर नियोजक, कश्मीर	सदस्य;
14.	संभागीय वन अधिकारी, सिंध वन संभाग	सदस्य;
15.	संभागीय वन अधिकारी, लिड्डेर वन संभाग	सदस्य;
16.	संभागीय वन अधिकारी, अवंतीपुरा	सदस्य;
17.	संभागीय वन अधिकारी, शहरी वानिकी श्रीनगर	सदस्य;
18.	मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सोनमर्ग विकास प्राधिकरण	सदस्य;
19.	मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पहलगाम विकास प्राधिकरण	सदस्य;
20.	वन्यजीव वार्डन, केन्द्रीय संभाग	सदस्य;
21.	वन्यजीव वार्डन, दक्षिण संभाग	सदस्य;
22.	क्षेत्रीय वन्यजीव वार्डन, कश्मीर	सदस्य-सचिव

6. विचारार्थ विषय:- (1) निगरानी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(2) निगरानी समिति का कार्यकाल अगले आदेश होने तक होगा, परंतु यह कि समिति के गैर-सरकारी सदस्यों को समय-समय पर केन्द्र शासित सरकार सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आने वाले क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैराग्राफ 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति लेने के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएंगी।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) निगरानी समिति का सदस्य-सचिव या संबंधित उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण अधिनियम की धारा 19 के अधीन परिवाद दायर करने के लिए सक्षम होगा।

(6) निगरानी समिति संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों या संबंधित पक्षों को, प्रत्येक मामले मे आवश्यकता के अनुसार, अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी।

(7) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति के अनुसार अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को, **अनुलग्नक V** में दिए गए प्रपत्र के अनुसार, उस वर्ष की 30 जून तक प्रस्तुत करेगी।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानी समिति को उसके कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे।

7. अतिरिक्त उपाय.- इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और संघ राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी।

8. उच्चतम न्यायालय, आदि के आदेश.- इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे।

[फा. सं. 25/19/2020-ईएसजेड]

डॉ. सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

अनुलग्नक- I

केंद्र शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर में दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान, थजवास (बालटाल) वन्यजीव अभयारण्य और ओवेरा-अरू वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

क्र.सं.	मानचित्र पर चिन्हित बिंदु	देशांतर	अक्षांश	संरक्षित क्षेत्र की सीमा से (मीटर) से दूरी	विवरण	औचित्य
